**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 354**

**सोमवार, 02 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)**

**एनसीएस योजना**

354. **श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) योजना के मानदंडों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र में जिला-वार एनसीएस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्लेटफॉर्म के माध्यम से नौकरी के अवसर प्राप्त करने में पात्र उम्मीदवारों की कुल सफलता दर कितनी है;

(घ) एनसीएस प्लेटफॉर्म और इसकी सेवाओं के संबंध में नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) एनसीएस योजना के तहत आयोजित करियर काउंसलिंग सत्रों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कौशल विकास कार्यशालाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(च) एनसीएस योजना के लिए किए गए वित्तीय आवंटन, निधियों के उपयोग और भविष्य में निधि बढ़ाने की किसी अन्य योजना का ब्यौरा क्या है; और

(छ) उपरोक्त योजना के सुचारू कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (छ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को निर्बाध पहुंच प्रदान करना, देश के इच्छुक युवाओं को अच्छे रोजगार के अवसर प्रदान करना और करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है।

महाराष्ट्र राज्य में एनसीएस पोर्टल पर दिनांक 20.01.2026 तक, 98.98 लाख से अधिक रोजगार चाहने वाले और 10.09 लाख से अधिक नियोक्ता पंजीकृत हैं। महाराष्ट्र सहित पंजीकृत रोजगार चाहने वालों और पंजीकृत नियोक्ताओं का जिलावार विवरण **https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx** पर देखा जा सकता है।

एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। हालांकि, एनसीएस पोर्टल पर 20.01.2026 तक 2.23 करोड़ से अधिक रोजगार चाहने वालों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

एनसीएस पोर्टल, रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल की एक श्रृंखला से सशक्त और सुसज्जित बनाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील करियर कौशल कार्यक्रम कराता है।

इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल पर एक मॉड्यूल अनुमोदित करियर परामर्शदाताओं द्वारा करियर परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करने की सुविधा प्रदान करता है। एनसीएस पोर्टल पर 20.01.2026 तक 1180 से अधिक करियर परामर्शदाता पंजीकृत हो चुके हैं और अब तक देशभर में 55 लाख से अधिक ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

एनसीएस पोर्टल के संबंध में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एनसीएस पोर्टल पर सेवाओं की उपलब्धता और रिक्तियों के बारे में नियमित रूप से सोशल मीडिया पोस्ट जारी किए जाते हैं। एनसीएस संबंधी नवीन विकास और गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीएस मासिक ई-न्यूज़लेटर जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित मॉडल करियर केंद्र नियमित रूप से हितधारकों के लिए विभिन्न आउटरीच गतिविधियों जैसे कार्यशालाओं, जागरूकता/अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

इसके अलावा, बजट आवंटन और व्यय, योजना के प्रावधान के अनुसार है।

*****